आकाशवाणी केन्द्र शिमला
12.08.2024 / प्रादेशिक समाचार / 18:00 बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य सरकार एड्स के प्रति जागरूकता लाने के लिए व्यापक स्तर पर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार एड्स से पीड़ित रोगियों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए प्रयासरत है। मुख्यमंत्री ने आज शिमला में अतंर्राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर एचआईवी जागरूकता अभियान की शुरुआत की, जो 12 अक्तूबर, तक चलेगा। इस दौरान मुख्यमंत्री ने एक जागरूकता वाहन को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और दो महीने तक चलने वाले इंटिग्रेटिड हेल्थ चेकअप अभियान का भी शुभारंभ किया। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस 'क्लिक से प्रगति की ओर–सतत् विकास के लिए युवा डिजिटल माध्यम' के थीम पर मनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ''राज्य सरकार एंटी रेट्रो वायरल थेरेपी केंद्रों में निःशुल्क उपचार करवाने वाले व्यक्तियों को एक हज़ार 5 सौ रुपए प्रतिमाह की आर्थिक सहायता और पीड़ितों के 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को 3 सौ रुपए से लेकर 8 सौ रुपए प्रतिमाह की आर्थिक सहायता प्रदान कर रही है। इसके साथ ही उपचार के लिए आने वाले व्यक्तियों को फ्री बस यात्रा की सुविधा भी दी जा रही है। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि एचआईवी की जांच सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में निःशुल्क की जाती है और जांच करवाने वाले व्यक्ति की पहचान गोपनीय रखी जाती है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में कैंसर के बढ़ते मामलों पर भी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इसके अध्ययन के लिए सरकार ने आई.सी.एम.आर से सम्पर्क किया है।

मुकेश अग्निहोत्री

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने आज हरोली विधानसभा क्षेत्र में भारी बारिश और बाढ़ से हुए व्यापक नुकसान का जायज़ा लिया। उन्होंने बाथू–बाथड़ी क्षेत्र में बाढ़ से प्रभावित इलाकों का निरीक्षण किया और प्रभावितों से मुलाकात कर उन्हें हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। अग्निहोत्री ने कहा कि खड्ड का रास्ता किसी कारण बाधित होने से ऐसी स्थिति उत्पन्न हुई है। उन्होंने बाढ़ के कारण उत्पन्न स्थिति की विस्तृत जांच के लिए ऊना के उपायुक्त को निर्देश दिए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं का पुनरावृति न हो। उपमुख्यमंत्री ने बाढ़ के कारण ऊना ज़िला में अलग–अलग हादसों मे हुई 14 लोगों की मृत्यु पर शोक व्यक्त किया और पीड़ित परिवारों के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट की। मुकेश अग्निहोत्री ने पंजाब–हरोली सीमा से लगते जेजों क्षेत्र में पुल निर्माण के मुद्दे पर पंजाब सरकार से बात की जाएगी। उन्होंने कहा कि ये पुल हिमाचल के लोगों के आवागमन के लिए बेहद महत्वपूर्ण है।

समीक्षा बैठक

चंबा ज़िला में 20 सूत्रीय कार्यक्रम के तहत विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया की अध्यक्षता में विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में 20 सूत्रीय कार्यक्रम के तहत मनरेगा, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और दिव्यांगजनों से संबंधित दीनदयाल पुर्नवास योजना सहित विकास के अन्य कार्यों और विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। इस मौके पर कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि चंबा ज़िला में विभिन्न विभागों में अधिकारियों व कर्मचारियों के रिक्त पदों को भरने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि विकास दर की दृष्टि से चंबा ज़िला देश के आकांक्षी ज़िलों में शामिल है जिसके लिए उन्होंने अधिकारियों व कर्मचारियों और जनप्रतिनिधियों के आपसी समन्वय की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने अधिकारियों व कर्मचारियों को लंबित कार्यों को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए।

मौसम

प्रदेश में मॉनसून लगातार सक्रिय बना हुआ है और विभिन्न स्थानों पर रूक–रूक कर वर्षा का सिलसिला जारी है। इससे सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ है। लगातार हो रही वर्षा के चलते नदी–नालों का जलस्तर बढ़ा हुआ है और जगह–जगह भूस्खलन की घटनाएं सामने आ रही हैं। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार भूस्खलन से प्रदेश में चार राष्ट्रीय उच्च मार्ग और 3 सौ 38 सड़कें अवरूद्व हैं। इसके अलावा 4 सौ 88 बिजली के ट्रांसफार्मर व एक सौ 16 पेयजल परियोजनाएं भी ठप्प हैं। किन्नौर जिला के निगुलसेरी में राष्ट्रीय उच्च मार्ग भूस्खलन से बार–बार बाधित हो रहा है। मौसम विभाग ने 18 अगस्त तक भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार बीते 24 घंटों में नंगल डैम क्षेत्र में सर्वाधिक एक सौ 15 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। इसके अलावा कसौली में 87, ऊना में 86 व नैना देवी में 82 मिलीमीटर वर्षा हुई। मौसम विभाग की चेतावनी को देखते हुए प्रशासन ने लोगों को नदी–नालों और भूस्खलन संभावित क्षेत्रों से दूर रहने की सलाह दी है।

हेमराज बैरवा

राष्ट्रीय राजमार्ग 154 से सिविल अस्पताल नगरोटा बगवां को जाने वाला मार्ग अब से 'नो पार्किंग जोन' रहेगा। कांगड़ा के उपायुक्त हेमराज बैरवा ने इस बाबत अधिसूचना जारी कर दी है। आदेशों का उल्लंघन करने वालों पर नियमानुरूप कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। बैरवा ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग 154 से सिविल अस्पताल नगरोटा बगवां को जाने वाले मार्ग के दोनों ओर लोग अपनी गाड़ियों और दोपहिया वाहन खड़े करते जिससे अस्पताल मार्ग पर एंबुलेंस और उपचार के लिए आने वाले मरीजों को आने–जाने में समस्या होती है।